सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 343 | इंदौर, मंगलवार 25 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## होमगार्ड जवान, बेटे और भतीजे की हत्या

### जवान का तलवार से कत्ल किया, बेटे-भतीजे को बीच सड़क पर गोलियां मारीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह । दमोह में होमगार्ड जवान, उसके बेटे और भतीजे की हत्या कर दी गई। मामला जिले के देहात थाना क्षेत्र के बांसा तारखेड़ा गांव का है। मृतक और तीन आरोपी एक ही परिवार के हैं।**

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि होमगार्ड जवान रमेश विश्वकर्मा (50) का उसके ही परिवार के लोगों से विवाद चल रहा था। करीब एक महीने पहले भी उनके बीच विवाद हुआ था। आरोपियों ने सोमवार को रमेश पर तलवारों से हमला कर दिया। घटना के वक्त रमेश का बेटा उमेश (23) और भतीजा विक्की (24) दमोह से बाइक से लौट रहे थे। आरोपियों ने उनको बीच सड़क पर गोली मार दी। दोनों की सड़क पर ही मौत हो गई।

### चचेरे भाई से फोन पर कहा था- आज हत्या करूंगा

रमेश के चाचा राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे मेरे बेटे सौरभ के मोबाइल पर आरोपी का फोन आया था। उसने सौरभ से कहा था कि आज रमेश और उनके परिवार के लोगों की हत्या करेगा। राजेंद्र ने बताया कि उमेश और विक्की कोचिंग पढ़ने दमोह गए हुए थे। राजेंद्र ने सौरभ से कहा कि 100 नंबर पर पर पुलिस को सूचना दे दो, ताकि उमेश और विक्की को पुलिस वहीं रोक ले, लेकिन 100 नंबर पर कॉल रिसीव नहीं हुआ। होमगार्ड जवान के चाचा राजेंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों में एक महीने पहले भी विवाद हुआ था।

### चाचा बोले- मेरे घर में घुसकर तलवारें मारीं

राजेंद्र ने बताया कि मैंने रमेश विश्वकर्मा को अपने घर बुलाया और उन्हें फोन आने की जानकारी दी। हम दोनों बात कर रहे थे, तभी गोलू विश्वकर्मा, राजा विश्वकर्मा और सजल विश्वकर्मा आ गए। मैंने रमेश को अपने घर में छिपा दिया। आरोपियों ने मेरी कालर पकड़कर सिर पर माउजर (बंदूक) अड़ा दी और जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद घर में घुसकर रमेश की तलवारों से हत्या कर दी। फिर आरोपी सड़क की ओर भागे, दमोह से बाइक से लौट रहे उमेश और विक्की को गोली मार दी।

### कुछ महीने पहले रमेश ने राजा से मारपीट की थी

राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ महीने पहले रमेश ने राजा विश्वकर्मा से मारपीट की थी, तभी से विवाद बना हुआ था। करीब एक महीने पहले रमेश के बछड़े के पैर पर राजा के हाथों एक वाहन चढ़ गया था, उस समय भी उनके बीच विवाद हुआ था। राजेंद्र ने बताया कि मृतक और आरोपी सभी परिवार के हैं।

# नीलामी से पहले निगम में वाहनों के पाट्‌र्स की अदला-बदली?

## विपक्षी पार्षदों ने पुलिस में की शिकायत अफसरों पर कारस्तानी का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। नगर निगम रोज नए विवादों में घिरती जा रही है। दो सौ करोड़ रुपए नर्मदा जल पर खर्च करने के बावजूद 38 किमी की नई लाइन डल रही है। दो सौ करोड़ रुपए हजम करने वालों पर एक पन्ने की भी जांच तक नहीं हुई। अब पुराने वाहनों की नीलामी से पहले उनके सामान बदलने का वीडियो चर्चा में है। छुट्टी के दिन इस तरह के करतब पर सबूत सहित प्रतिपक्षी पार्षदों ने सिटी कोतवाली और यातायात थाने में आवेदन देकर जांच की मांग की है। सत्तारूढ़ होने के कारण जांच कहां तक पहुंचेगी, वक्त ही बताएगा।**

### झोन-1 की घटना

प्रतिपक्ष नेता मुल्लू राठौर ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जोन क्रमांक- 1, पर रखे गए वाहनों की होने वाले नीलामी होना है। इससे पहले ही वाहनों के पाट्‌र्स चोरी किए जा रहे हैं। इसके वीडियो में मैकेनिक सामान निकाल रहे हैं।

### यह लिखा शिकायत में

उन्होंने आवेदन में लिखा है कि नगर निगम खंडवा के जोन क्रमांक एक पर रखे वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया आरंभ की जानी है। परंतु, इससे पहले ही कुछ नगर निगम के अधिकारी एवं उनके साथी मिलकर इन वाहनों का सामान निकालकर उसे चोरी कर रहे हैं। नगर निगम की संपत्ति को क्षति पहुंचा रहे हैं।



फाइल फोटो

### मिलीभगत का शक?

शंका जाहिर की है कि इस मामले की गहन जांच कराएं और उन अधिकारियों एवं उनके साथियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। जोन क्रमांक एक पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर उन व्यक्तियों की पहचान की जाए, जो चोरी की गतिविधियों में संलिप्त हैं। इस जांच प्रक्रिया में यातायात थाना सिटी कोतवाली को भी शामिल किया जाए, ताकि वे भी अपनी ओर से कार्रवाई कर सकें और चोरी की वारदातों का खुलासा हो सके। इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि नगर निगम की सम्पत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और दोषियों को सजा मिल सके।

### जरूरी व्यवस्थाएं लडखड़ाई

नगर निगम में पिछले दिनों भंडार से लाखों के सामान का मसला भी आया था। करोड़ों रुपए का सामान इधर-उधर पड़ा है। टेंट-तंबू पर ही लाखों रुपए खर्चे के बिल लग गए। नालों की सफाई ही नहीं हुई। मानसून माथे पर आया, तब जनप्रतिनिधियों को चिंता होने लगी। ये बारिश का इंतजार कर रहे हैं। लाखों लोगों की सेहत प्रभावित हो सकती है। नर्मदा के बेकवाटर का जल फिल्टर करके नहीं दिया जा रहा है। निगम के तीन मूल काम होते हैं। ये सब ढंग से नहीं हो पा रहे हैं। शुद्ध पानी, पर्याप्त सफाई और सडकों व बिजली के मामले में व्यवस्थाएं लडखड़ा रही हैं।

सीएम मोहन यादव की घोषणा

# जबलपुर का डुमना एयरपोर्ट व प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती के 461 वें बलिदान दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सीएम डॉ मोहन यादव ने मंच से की घोषणा जबलपुर एयरपोर्ट व प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा। मंडला जबलपुर के बीच स्टेडियम भी बनेगा।

मुख्यमंत्री बोले- भारत वर्ष को गौरवांवित करने वाला है रानी दुर्गावती का व्यक्तित्व।हमारी सरकार की पहली कैबिनेट हमने संस्कारधानी में की थी। ये हमारी रानी के प्रति सम्मान का प्रतीक था। रानी ने 52 युद्ध लड़े, समाज के सामने कई बातें सामने आनी बाकी हैं। रानी ने मुगलों और अंग्रेजों की हर चाल का जवाब दिया। हमने तय किया है कि रानी का चरित्र हम दुनिया के सामने ले जाएंगे। स्कूली पाठ्यक्रम से लेकर हर जरूरी कदम उठाएंगे। हर माह कोई न कोई आयोजन होगा।

### बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की भारत सरकार से मांग रखी-

सीएम बोले- मंडला और जबलपुर के बीच एक बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की भारत सरकार से मांग रखी है। भारतवर्ष को गौरवान्वित करने वाला उनका व्यक्तित्व था ऐसी रानी दुर्गावती को नमन है। भारत की हजारों साल से विशेष पहचान है, 500 साल का इतिहास जब रानी माता दुर्गावती और महाराणा प्रताप भी अभियान चला रहे थे।

### रानी दुर्गावती को समाज के लिए गौरव

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती को बताया समाज के लिए गौरव हैं। यहां पानी के लिए वीरांगना ने कई सारे जल स्त्रोत बनाए। लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हो गई थी यह वही स्थान है, जहां आज उन्हें हम नमन करने आए हैं। मुख्यमंत्री बोले-मध्य प्रदेश में इन्ही के नाम पर पहली कैबिनेट की बैठक भी जबलपुर में आयोजित की गई थी। गोंडवाना साम्राज्य में जितने भी जल स्रोत हैं वह रानी दुर्गावती ने ही बनाए थे।

# पांच सेकंड में तीन ब्लास्ट... और टिही टनल आर-पार

## इंदौर से गुजरात और महाराष्ट्र सीधे कनेक्ट होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर से धार के बीच जल्द ही अब ट्रेनें सरपट दौड़ेंगी। इस रूट पर पड़ने वाले टिही टनल के आखिरी ढाई मीटर की बाधा भी रविवार को दूर हो गई। अब तेजी से टनल की फिनिशिंग और ट्रैक बिछाने का काम किया जाएगा इसके साथ ही इंदौर से धार के बीच में ट्रेन चलने का रास्ता साफ हो जाएगा। उसके बाद अगले साल मार्च तक इंदौर से धार, गुजरात और महाराष्ट्र ट्रेन से सीधे कनेक्ट होंगे।

इंदौर-दाहोद नई लाइन निर्माण कार्य में सबसे बड़ी बाधा टिही-पीथमपुर टनल का खुदाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य को पूरा होने के बाद नई लाइन के कार्यों को पूरा करने में तेजी आएगी। टिही पीथमपुर के मध्य 2967 मीटर लंबी टनल जो इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में सबसे बड़ी बाधा थी। रविवार को जीएम अशोक कुमार मिश्र और डीआरएम रजनीश कुमार टनल पहुंचे। दोनों अधिकारियों की उपस्थिति में टनल को ब्रेक-थ्रू किया गया। इसके लिए टनल के लगभग 200 मीटर के



पॉइंट को 200 किलो बारूद भरा गया। बारूद को 600 मीटर की दूरी से जीएम ने बटन दबाकर बलास्ट किया। 5 सेकेंड में तीन धमाके होने से टनल दोनों तरफ से आर पार हो गई। पूर्व में इस टनल के कुल 1846 मीटर की खुदाई की गई थी और शेप 1121 मीटर टनल की खुदाई का कार्य 03 जून, 2023 से आरंभ कर 23 जून, 2024 की पूरा किया गया। इस प्रकार लगभग एक वर्ष में इस कार्य को पूरा किया गया। इस दौरान प्रति माह लगभग 90 मीटर प्रति माह टनल की खुदाई की गई। इस कार्य को पूरा करने में लगभग 1200 ब्लास्ट में लगभग 300 टन ब्लास्ट सामग्री का उपयोग किया गया। इस टनल की खुदाई कार्य में लगभग 2.34 लाख क्यूबिक मीटर रॉक टनल से बाहर निकाला गया। इसमें इंजीनियर्स, पर्यवेक्षक, ड्राइवर सहित प्रतिदिन औसतन 200 लोगों ने कार्य किया। जेसीबी, डंपर, बूमर, एक्सकैवेटर सहित लगभग 30 में अधिक मशीनें 24 घंटे 365 दिन तक लगातार कार्य के कारण इन कार्य को संपन्न किया गया है। इस टनल की खुदाई कार्य पूरा होना, एक सपने के साकार होने जैसा है। इसके बाद रेल लाइन बिछाने का कार्य शीघ्रता में किया जा सकेगा। रेलवे को अपने प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि में पूरा करने में मदद मिलेगी। दावा है कि दिसंबर 2023 तक यह काम हो जाएंगे। जिसके बाद अगले साल मार्च तक इंदौर से धार, गुजरात, महाराष्ट्र ट्रेन से सीधे कनेक्ट होंगे।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 59वीं पुण्यतिथि मनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्यतिथि सोमवार को ज्ञान शिखर ओम शांति भवन में, सैकड़ों भाई बहनों की उपस्थिति में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा का स्मरण करते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शिव जब कलयुग के अंत में, धर्मग्लानि के समय इस धरा पर अवतरित हुए तो उन्होंने प्रजापिता ब्रह्मा के तन को ज्ञान देने के लिए माध्यम बनाया, लेकिन ज्ञान सागर परमात्मा ने ज्ञान का कलश नारी शक्ति के ऊपर रखा। उसी सत्य ज्ञान को हूबहू अपने जीवन में आत्मसात कर सर्व आत्माओं की मातृवत् पालना करने वाली नारी शक्ति में अग्रणी हुई मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती। मात्र 16 वर्ष की आयु में ओम राधे नाम की कन्या के रूप में 1936 में ही वह ओम मंडली सत्संग में आई और प्रथम दृश्य में ही साधारण तन में आए परमात्मा को पहचान कर उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और सर्व आध्यात्मिक शक्तियों को अपने जीवन में धारण किया। पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने उन्हें मुख्य प्रशासिका के रूप में सर्व ब्रह्मा वत्सों को संभालने की जिम्मेदारी सौंपी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया।

हेमलता दीदी ने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा शांति का अवतार और प्रेम की मूर्ति थी। उनके सामने आते ही कितना भी क्रोधी से क्रोधी व्यक्ति भी शांति का अनुभव करता था। उनकी पवित्रता और तेज के आगे उनकी एक दृष्टि पड़ने से ही सामने आई हुई आत्मा का परिवर्तन हो जाता था। उनके जीवन में गंभीरता का गुण, समाने और सहन करने की शक्ति इस कदर थी कि हर एक की कमी कमजोरी को समाकर बहुत ही प्रेम से उनका परिवर्तन कर देती थी। उनका स्लोगन था हर एक के अंदर गुण देखना है, गुणवान बना है और गुणदान ही करना है।

# एक जुलाई से पीयूसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन अनिवार्य रहेगा

## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा संचालकों की बैठक कर दिये दिशा-निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के वाहनों हेतु एक जुलाई 2024 से पीयूसी प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा। यह प्रमाण-पत्र वाहन के धुआँ नियंत्रण हेतु पीयूसी सेन्टरों द्वारा जारी किया जाता हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा शहर के समस्त पीयूसी संचालकों की बैठक कर संचालकों से ऑनलाइन प्रमाण पत्र 1 जुलाई से अनिवार्य रूप जारी करने के दिशा-निर्देश देते हुए उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत कराया गया।**




श्री शर्मा द्वारा बताया कि 1 जुलाई से सभी सेन्टर ऑनलाइन ही प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इस तिथि के पश्चात यदि ऑफ लाइन प्रमाण पत्र सेन्टरों द्वारा जारी किया जाता है, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए सेन्टर बंद करने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

इसी प्रकार पीयूसी प्रमाण पत्र की वैद्धता समाप्ति पर ढवउ धारक के विरुद्ध सख्ती से जाँच कर उन्हें पीयूसी बनाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि धुएं से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण हो सकें, जिसे संचालकों द्वारा आत्मसात कर केन्द्रों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी करने हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को आश्वस्थ किया गया। बैठक में सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री राजेश गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। बैठक को शाखा प्रभारी श्री आर.डी. माहोर द्वारा संचालित किया गया। बैठक में तकनीकी जानकारी श्रीमती पूजा थोरात द्वारा देते हुए बताया गया कि पीयूसीसेन्टर संचालकों को दस्तावेज ऑनलाइन के अतिरिक्त एक प्रति कार्यालय में हार्ड कापी में प्रस्तुत करनी होगी। बैठक में शहर के समस्त पीयूसी सेन्टर संचालक उपस्थित थे। कुछ संचालकों द्वारा प्रक्रिया की जटिलता को लेकर अपनी शंकाएं व्यक्त की गई जिसमें प्रमुख रूप से प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में पुनर्विचार का अनुरोध किया गया।

## कटाक्ष




## आईटीआई नन्दा नगर इंदौर में रोजगार मेला आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य शासन द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार इंदौर जिले में युवाओं को प्रतिष्ठित निजी कम्पनियों में नौकरियां दिलाने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नन्दा नगर, इंदौर में 25 जून 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेले में प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए अपने केरियर को आगे बढ़ाने का शानदार अवसर है। कौशल के आधार पर केवल महिला उम्मीदवार इस जॉब के लिए आवेदन कर सकती है। इस मेले में ट्रेनिंग ऑफिसर, एसएमओ तथा क्वालिटी चेकर के पदों पर नियुक्ति होगी। 18 वर्ष से 35 वर्ष उम्र की महिलाएं शामिल हो सकती है। आवेदक के पास न्यूनतम योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा स्नातक उत्तीर्ण अनिवार्य है। न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड धार द्वारा एक हजार पदों पर तथा एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हलोल वडोदरा द्वारा 150 पदों पर नियुक्ति दी जायेगी। एमजी मोटर कंपनी में पेंटिग ट्रेड के युवकों की भर्ती भी की जायेगी।

## शहर के अंदर से संचालित होने वाली बसों पर सख्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के अंदर संचालित होने वाली बसों पर सख्ती की तैयारी प्रशासन ने की है। बस ऑपरेटर को डेढ़ महीना का समय दिया है और कहा है कि बसों का संचालन शहर के बाहर से करें। कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है कि शहर के अंदर से संचालित है शहर के अंदर से संचालित होने वाली बस बिना किसी लाइसेंस और परमिशन के संचालित हो रही है। सभी को हमारे द्वारा नोटिस भी दिए गए हैं सभी बस ऑपरेटर को डेढ़ महीने का समय दिया गया है। बस ऑपरेटर से कहा गया है कि वह अपने ऑपरेशंस शहर से बाहर शिफ्ट कर ले। बस ऑपरेटरों को नायता मुंडला स्थित बस स्टैंड का भी विकल्प बस संचालित करने के लिए दिया गया है। इसके अलावा अगर वह शहर से बाहर अन्य किसी प्राइवेट जगह पर शिफ्ट होना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र है। देखा गया है कि सभी लंबी रूट की बसें हैं यह जब चौराहे पर टर्न करती है तो ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। बेस जहां रोड पर खड़ी होती है वहां पर भी अधिक जगह गिरती है और लंबे समय तक खड़े रहने से यातायात बाधित होता है।

लिवर डोनर बेटी का इंतजार दो दिन बढ़ा

# हाईकोर्ट में अब अगली सुनवाई 27 को, मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में डोनर फिट घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बेटमा की नाबालिग बेटी प्रीति पिता को लिवर दे सकती है या नहीं अब इस पर सुनवाई 27 जून को होगी। इंदौर हाईकोर्ट ने आज सुनवाई के बाद राज्य स्तरीय कमेटी से इस मामले में फैसला करके हाईकोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया है।**

ऐसा नहीं होने पर 27 जून को सुबह साढ़े दस बजे कमिश्नर हेल्थ खुद हाईकोर्ट में पेश होकर जवाब दें। वहीं मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में बेटी लिवर का हिस्सा डोनेट करने के लिए फिट पाई गई है। बता दें कि 13 जून को इंदौर हाईकोर्ट




में बेटी के पिता को लिवर डोनेट करने की गुहार लगाई गई थी। तब से लगातार कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई 20 जून को हुई थी, जिसमें कोर्ट ने एमवायएच अधीक्षक को कमेटी गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा था कि यदि बेटी लिवर डोनेट करती है तो उसे भविष्य में कोई परेशानी तो नहीं आएगी। वो लिवर देने के लिए फिट है या नहीं। उसकी जान को कोई खतरा तो नहीं है। कोर्ट के डायरेक्शन के बाद कमेटी गठित की गई। 21 जून को डोनर बेटी का मेडिकल परीक्षण भी हो गया। जिसके बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी है। सोमवार को सुनवाई में रिपोर्ट पर से भी पर्दा उठ जाएगा। राज्य शासन को भी अनुमति के लिए फाइल भेजी गई है। वहां से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। सरकार की ऑथोराइजेशन कमेटी से अनुमति मिलने पर ट्रांसप्लांट हो सकेगा। पिता के लिए अगले 5 से 7 दिन बहुत महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि जल्द से जल्द लिवर ट्रांसप्लांट नहीं किया तो मल्टी ऑर्गन फेलियर का खतरा है। बीच में पिता की तबीयत खराब होने पर उन्हें दोबारा आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था।

## लोकतंत्र सैनानी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश में आपातकाल के काले अध्याय के 49 बरस पूरे होने पर आगामी 26 जून को भोपाल में लोकतंत्र सैनानियों और उनके उत्तराधिकारियों का प्रादेशिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक एवं अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान इस कार्यक्रम में आने की सहमति दे दी है। भोपाल में संपन्न लोकतंत्र सैनानी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक से लौट कर इंदौर जिला लोकतंत्र सैनानी संघ के अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक, महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आपातकाल के दौरान राजनीतिक और सामाजिक कार्यकतार्ओं को दी गई यातनाओं के वृहद विवरण पर आधारित एक बड़ा ग्रंथ प्रकाशित किया जाए और सैनानियों को ताम्रपत्र भी प्रदान किए जाएं। बैठक में गिरीश शर्मा आदित्य सहित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सैनानियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का विवरण भी प्रस्तुत किया।

## कान्ह-सरस्वती नदी के आसपास कच्चे अतिक्रमण हटाने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कलेक्टर आशीष सिंह ने कान्ह और सरस्वती नदी के आसपास कच्चे अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हटाए जाने वाले परिवारों के लोगों के लिए रहने की आवश्यक व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को कहा है।**

सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में टीएल बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। कलेक्टर ने हुकुमचंद मिल अंतर्गत राशि भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्रताधारी की मृत्यु हो गई है और मुआवजे के भुगतान में किसी तरह का विवाद ना हो ऐसे प्रकरणों में भुगतान की कार्यवाही समय सीमा में की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि कान्ह और सरस्वती नदी के आसपास कच्चे अतिक्रमण कतार्ओं को नोटिस देते हुए उन्हें हटाने की कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित



की जाए। हटाए जाने वाले परिवारों के रहने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए।

सेवा सेतु एप के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधित निर्देश देते हुए अधिक से अधिक दानदाताओं को इससे जोड़ने की बात कही। भिक्षावृत्ति मुक्त इन्दौर अभियान के तहत नियमित फालोअप के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में कार्यों को 15 अगस्त तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सचिव एवं रोजगार सहायक की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

नेहरू स्टेडियम नगर निगम को अलॉटमेंट की कार्रवाई हेतु आवश्यक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मूसाखेडी और मल्हार आश्रम में सीएम राइज स्कूल के निर्माण में बाधक अतिक्रमण को हटाते हुए निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

खजराना क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण संबंधित निर्देश दिए। मेरोद अनाज मंडी के लिए नोटिफिकेशन की कार्रवाई करते हुए एफआरए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

डीडीए पशुपालन को बिचौली में मुर्गी शेड निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर निगम कमिश्नर नाराज

◆ एनजीओ पर लगाई पेनल्टी, दरोगा का वेतन काटने के निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर निगम कमिश्नर सख्ती दिखा रहे हैं। पर्याप्त सफाई नहीं होने पर एनजीओ पर पेनल्टी लगाने के साथ ही दरोगा का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। सोमवार को वर्मा जोन क्रमांक 01 में स्थित सिकंदरा-बाद नाले का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान नाले में कचरा पाए जाने और पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं होने पर जोन में पदस्थ एनजीओ संस्था के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। क्षेत्रीय दरोगा परवेज का 3 दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए हैं। इसके बाद कंडीलपुरा नाला और पीलिया खाल नाले का निरीक्षण किया गया। बारिश को देखते हुए कमिश्नर वर्मा ने जल जमाव को लेकर जल निकासी के निर्देश दिए।

## प्लाट पर कब्जा करने वालों की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। देपालपुर में रहने वाले साक्षी माहेश्वरी ने उनके मकान के पीछे प्लाट पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर की और यह भी बताया कि कब्जाधारियों ने पहले उनके पति पर जानलेवा हमला किया था, जिसकी शिकायतें भी की गई थी और अभी भी कब्जाधारियों की शिकायत की गई है, पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, महिला ने खुद की जान को भी खतरा बताया है।

## जू में पहली बार अफ्रीकन जेब्रा का जन्म

### चिड़ियाघर को 5 महीने पहले जामनगर से मिला था जोड़ा

इंदौर। **चिड़ियाघर में रविवार रात 10.30 बजे अफ्रीकन जेब्रा ने जन्म लिया। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जामनगर से 5 महीने पहले जेब्रा का जोड़ा लाया गया था। बेबी जेब्रा पूरी तरह से स्वस्थ है। पर्यटक जल्द ही इसके दीदार कर सकेंगे।**

चिड़ियाघर मैनेजमेंट ने कहा कि ढ़ में पहली बार किसी अफ्रीकन जेब्रा ने जन्म लिया है। पूरे प्रदेश में जेब्रा सिर्फ इंदौर जू में है जिनकी संख्या बढ़कर अब 3 हो गई है। जन्म लेने के कुछ ही घंटे बाद बेबी जेब्रा पैरों पर खड़ा हो गया और चहलकदमी करने लगा। इंदौर जू को यह जेब्रा का जोड़ा तीन राज्यों में 3 साल तक कोशिश करने के बाद मिला था। यह गुजरात से मिला था जिसके बदले इंदौर से व्हाइट टाइगर भेजा जाएगा।

**रातभर मां के साथ रहा, सुबह पैरों पर खड़ा हुआ-** चिड़ियाघर के क्यूरेटर निहार पारुलेकर ने



बताया अफ्रीकन जेब्रा के जोड़े ने रविवार रात 10.30 बजे एक बच्चे को जन्म दिया है। मादा और बेबी जेब्रा दोनों स्वस्थ हैं। वह रातभर मां के ही पास रहा और सोमवार सुबह तक धीरे-धीरे पैरों पर खड़े होकर चहलकदमी करने लगा है।

# 400 सुरक्षाकर्मी, करोड़ों का वेतन फिर भी मंदिर में चोर-उच्चके सक्रिय

### महाकाल दर्शन के लिए आओ तो अपनी जेब, मोबाइल और कार में रखे सामान की सुरक्षा पहले करे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकाल लोक निर्माण के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन व महाकाल लोक देखने के लिए लाखों श्रद्धालुजन प्रतिदिन आ रहे हैं,लेकिन यहां आने के बाद ठगी के शिकार हो जाते हैं। मंदिर की सुरक्षा के नाम पर 400 सुरक्षकर्मी तैनात हैं,जिनका वेतन में लाखों रुपए की राशि व्यय की जाती हैं,लेकिन बावजूद इसके श्रद्धालुजन के साथ चोरी,ठगी की वारदात हो रही हैं। इस ओर न तो प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करता है और न ही पुलिस विभाग। यहां पुलिस चोकी भी बनाई गई है,लेकिन वह भी वारदात रोकने में नाकाम है। सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती के दौरान बदमाशों ने महाराष्ट्र के श्रद्धालु की जेब काट कर रुपये निकाल लिए। वहीं रविवार को नृसिंह घाट पार्किंग में खड़ी कार के कांच खोल कर उसमें रखी स्मार्ट वॉच,नगदी और 5 मोबाइल चोरी कर लिए। दोनों मामलों की शिकायत महाकाल थाने में दर्ज कराई गई है।



### महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की कटी जेब

सोलापुर महाराष्ट्र निवासी नवनाथ कदम अपने परिवार के साथ टैक्सी वाहन से सुबह उज्जैन दर्शन करने पहुंचे थे। सुबह करीब 7.30 बजे महाकालेश्वर मंदिर में आरती के दौरान बेरिकेड्स में खड़े थे,तभी अज्ञात बदमाश ने जेब में रखे 11 हजार रुपये निकाल लिए। नवनाथ ने इसकी शिकायत कंट्रोल रूम में की तो यहां मौजूद कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें 4 बदमाश नवनाथ को घेरे हुए थे जिनमें से एक ने पेंट की जेब से रुपये निकाले। कंट्रोल रूम से ही सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर चोर का फोटो प्रसारित किया गया जिसके कुछ देर बाद सुरक्षाकर्मियों ने मंदिर के बाहर से एक चोर को पकड़ा और नवनाथ कदम के साथ महाकाल थाने ले गए। पुलिस ने चोर से रुपये बरामद किए वहीं नवनाथ कदम से शिकायत लेकर कार्रवाई शुरू की है।

### कर्नाटक के परिवार की कार से 5 मोबाइल, स्मार्ट वॉच चोरी

रविवार को उमेश पिता चंद्रकांत भोपले निवासी गणेश नगर कर्नाटक परिवार के साथ कार क्रं.एम.एच.24 वी 7954 से उज्जैन दर्शन करने आए थे। यहां उमेश ने नृसिंह घाट पार्किंग में अपनी कार खड़ी की और शिप्रा नदी में स्नान के लिए चले गए। इस दौरान उमेश सहित परिवार के सदस्यों ने अपने मोबाइल,स्मार्ट वॉच और नगद राशि कार में ही रख दिए थे। नदी में स्नान के बाद उक्त लोग वापस पार्किंग में आए तो देखा कार के कांच खुले थे और उसमें रखे 5 मोबाइल,स्मार्ट वॉच व नगदी राशि नहीं थी। उमेश ने महाकाल थाने पहुंच कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि चोरी गए मोबाइल व स्मार्ट वॉच की कुल कीमत 91 हजार रुपये बताई गई है।

## गऊघाट पर दोस्तों के साथ नहाते समय युवक की डूबने से मौत

### 36 घंटे रेस्क्यू के बाद मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शिकारी गली में रहने वाला एक युवक रविवार शाम को अपने दोस्तों के साथ शिप्रा नदी के गऊघाट पर नहाने गया था। यहां गहरे पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। गोताखोरो और पुलिस प्रशासन ने रात भर नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग घाट पर एकत्रित होकर युवक के सकुशल होने के लिए मन्नत मांगते रहे। देर रात को बारिश के बाद खोजबीन बंद कर दी गई। सोमवार को सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद गोताखोरों ने युवक के शव नदी से बाहर निकाला।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि फैजान उर्फ टोनी पिता लियाकत नागौरी आयु 25 वर्ष निवासी शिकारी गली अपने दोस्त इमरान, मुस्तकीम व एक अन्य के साथ रविवार शाम गऊघाट पक्का पाला के घाट पर नहाने के लिए गया था। इस दौरान फैजान गहरे पानी में डूब गया। उसके दोस्तों ने परिजन व पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने तैराकों व एसडीआरएफ की मदद से शव की तलाशी के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान शहर व महिदपुर से मृतक के परिजन,रिश्तेदार व समाजजन मौके पर पहुंच गए थे। रात को बारिश के बाद अभियान बंद कर दिया गया। उक्त टीमों ने सोमवार को नदी में शव की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया। प्रातः 10 बजे फैजान का शव नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि फैजान का कुछ माह पहले ही निकाह हुआ था। गऊघाट पाले पर पानी का बहाव अधिक होने के कारण युवक के शव को तलाश करने में देरी हुई थी।

## उज्जैन से महिदपुर जा रही बस पलटी, 18 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** सोमवार को सुबह उज्जैन से महिदपुर जा रही एम.यादव की बस हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक मोटरसायकल चालक को बचाने के प्रयास में बस सडक से नीचे उतर कर पलटी खा गई। दुर्घटना में 18 लोग घायल हुए हैं,इनमें से 3 को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सोमवार को एम.यादव की बस उज्जैन से महिदपुर के लिए रवाना हुई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। गांव सेकाखेड़ी के बीच यात्री बस हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि बस मोटरसायकल चालक को बचाने के प्रयास में सड़क से उतर कर नीचे पलटी खा गई,जिसस बस में सवार करीब 18 यात्री घायल हो गए। महिदपुर थाने के टीआई राजवीरसिंह गुर्जर ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 11.30 बजे के लगभग हुई है। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया है। घायलों को महिदपुर के अस्पताल में ही उपचार दिया गया है।

## छात्र को 30 सेकेंड में 50 बार बेल्ट मारे

**रीवा।** रीवा में एक छात्र को पीटने का वीडियो सामने आया है। इसमें पांच लोग छात्र को घेरकर बेल्ट से पीटते हुए दिख रहे हैं। आरोपियों ने 30 सेकेंड में 50 से ज्यादा बार बेल्ट मारे। उनके बीच बाइक पार्क करने को लेकर विवाद हुआ था। वीडियो 18 जून का बताया जा रहा है, जो रविवार को सामने आया। पुलिस ने सोमवार को 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाला रमेश यादव (19) ग्रेजुएशन का छात्र है। 18 जून को वह क्षेत्र में ही काम से किराना दुकान पर पहुंचा। उसने अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी कर दी। इसी बीच, बांसघाट के रहने वाले चंदन लोनिया, अमन लोनिया, सत्यम शुक्ला, सुमित लोनिया और एक अन्य वहां पहुंचे। उन्होंने बाइक हटाने के लिए कहा, तो रमेश ने थोड़ी देर बाद हटाने के लिए बोल दिया। यह बात आरोपियों को नागवार गुजरी।

## खंडवा में भी नशे की बयार, बड़ी खेप पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** उड़ता पंजाब की तर्ज पर खंडवा में भी नशे की बयार बहने लगी है। सुट्टे और हुक्के तो चोरी-छिपे चलते ही हैं। अब नींद के रूप में इस्तेमाल होने वाली अल्प्राजोलम मादक टेबलेट की खपत बड़ी मात्रा में हो रही है। अचानक मेडिकलों पर इसकी खपत बढ़ गई है। अलग से भी लोग इन्हें बेच रहे हैं। दो बार पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशे के सौदागरों से दवाएं पकड़ी हैं। पुलिस के मुताबिक, परदेशीपुरा क्षेत्र के रहने वाले फैजल उर्फ सोनू पिता जाफर शेख (25) को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी के कब्जे से अवैध अल्प्राजोलम मादक टेबलेट कुल 664 नग बरामद की गई है। जिसकी कीमत करीब 1718 रुपए है। इसी तरह की कार्रवाई पहले भी की गई थी। ये नींद की गोलियां है।

## पंडित प्रदीप मिश्रा से गुरु सांदीपनि के वंशज भी नाराज

### पंडित रूपम व्यास बोले- नाक रगड़ कर माफी मांगें, नहीं तो कोर्ट जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के राधा रानी पर दिए व्याख्यान पर छिड़े विवाद में अब गुरु सांदीपनि के वंशज रूपम व्यास भी कूद पड़े हैं। उन्होंने पंडित मिश्रा से नाक रगड़ कर माफी मांगने की मांग की है।

साथ ही ये भी चेतावनी दी है कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने मथुरा जाकर प्रेमानंद महाराज से माफी नहीं मांगी तो वे अपने विद्वत परिषद से बात कर कोर्ट जाएंगे। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के पुजारी और सांदीपनि जी की 202वीं पीढ़ी के रूपम व्यास, पंडित प्रदीप मिश्रा के बयान से बहुत नाराज हैं। उन्होंने कहा कि प्रेमानंद जी महाराज और अन्य संतों के पास जाकर पंडित मिश्रा को माफी मांगनी चाहिए। शिव पुराण के नाम वे कई प्रकार के टोने-टोटके कर रहे हैं, विद्वत परिषद् से बात कर हम कोर्ट भी जा सकते हैं। उज्जैन शहर को भगवान महाकाल और भगवान श्रीकृष्ण की नगरी कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन के गुरु सांदीपनि आश्रम में रहकर महर्षि सांदीपनि जी से 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान अर्जित किया था। इस दौरान भगवान उज्जैन में ही रहे थे। इसलिए सांदीपनि आश्रम में बड़ी संख्या में भक्त दूर-दूर दर्शन करने आते हैं।

पंडित रूपम व्यास ने कहा- पंडित प्रदीप मिश्रा लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। उन्हें न शास्त्रों का ज्ञान है, न वो जानते हैं, अपनी पुराण खुद ही लिखते हैं। मिट्?टी के शिवलिंग का पूजन शाम को करने की सलाह देते हैं। कई ऑनलाइन पूजन करा दिए। व्यास पीठ से राधा रानी पर अर्नगल बातें बोलीं, कौन से शास्त्र में पढ़ लिया। इनको पता नहीं किस बात का व्यास पीठ का घमंड है।

### गड़ा धन निकालने का लालच-

## दुकान में खुदाई के दौरान मरने का नाटक और व्यापारी से वसूल लिए 10 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। शहर के एक दुकानदार से 4 लोगों द्वारा उसकी दुकान से गड़ा धन निकालने के नाम पर 10 लाख रुपए की अवैध वसूली कर ली। दुकानदार की रिपोर्ट पर माणक चौक पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख रुपये जब्त किए हैं। एक आरोपित पुलिस के हाथ नहीं आया है, उसकी तलाश की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार, दुकानदार 62 वर्षीय हैदर अली पुत्र अब्बास भाई हामिद बोहरा निवासी ताहिरपुरा चांदनी चौक को आरोपित अबु बकर उर्फ अब्बु पुत्र अय्यूब खान शैरानी निवासी, अली असगर पुत्र अकबर अली बोहरा निवासी बोहरा बाखल, यूनुस उर्फ बारिक पुत्र हबीब अली निवासी वकील कॉलोनी कालिका माता क्षेत्र व बाबा उर्फ काका उर्फ वजेनाथ निवासी ग्राम बड़ोदिया ने उनकी दुकान में धन गड़ा होने का लालच देकर इसे निकालने का झांसा दिया।

15 जून को आरोपी दुकान पर पहुंचे और रात करीब साढ़े 11 बजे आरोपी अबु बकर ने उनकी दुकान की लाइट व सीसीटीवी कैमरे बंद करवा दिए। साथ ही दुकान का शटर भी बंद कराकर दुकान में खुदाई कर गड़ा धन निकालने का नाटक करते रहे।

### एक आरोपी ने किया मरने का नाटक

इसी बीच अचानक बाबा वजेनाथ नीचे गिरकर अचैत होने का नाटक करने लगा। यह देख दुकानदार घबरा गया। इस दौरान अन्य आरोपियों ने उससे कहा कि खुदाई में देर करने से बाबा की मौत हो गई है। बाबा भी मरने का छल करने लगा। बाबा की मौत का मामला दबाने के लिए फरियादी दुकानदार से 30 लाख रुपये की मांग की गई तथा धोखा देकर उससे 10 लाख रुपए वसूल लिए। शेष रुपए बाद में लेने की बात कहकर रंगदारी करने लगे तथा उससे मारपीट की।

### एक आरोपी अभी भी फरार

दुकानदार ने माणक चौक थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। एसपी राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की। टीआई णजीत सिंगार के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर मात्र 6 घंटों के भीतर आरोपित अबु बकर उर्फ अब्बु, अली असगर व युनूस उर्फ बारिक को गिरफ्तार कर लिया। बाबा वजेनाथ के घर दबिश दी गई, लेकिन वह नहीं मिला। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# संपादकीय


## आपराधिक लापरवाही का नतीजा

किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई। इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं। इसे सरकार की संवेदनशीलता के तौर पर देखा जा सकता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि सरकारी तंत्र की इस तरह की सक्रियता किसी त्रासद घटना के सामने आने और उसके तूल पकड़ लेने के बाद ही क्यों दिखाई देती है!

**अर्ज किया है..!**

*ये राह-ए-इश्क़ है*
*आख़िर कोई मज़ाक़ नहीं*
*सऊबतों से जो घबरा*
*गए हों घर जाएँ*

*- दिल अय्यूबी*




**प्रेम कोई सुविधा का स्थान नहीं है, यह खुद को मिटाने की एक प्रक्रिया है।**

**- जग्गी वासुदेव**

**Health is Wealth**

# क्या हैं अल्जाइमर के लक्षण, जानिए इससे कैसे बचें



बढ़ती उम्र में याददाश्त कमजोर होना एक कॉमन समस्या है। ज्यादातर लोग सामान रखकर कहीं भूल जाते हैं, तो कई बार बातें भी याद में नहीं रहती हैं। कुछ मामलों में तो ऐसा भी होता है कि किसी एक सामान को लोग घंटों तक ढूंढते रहते हैं। वैसे तो ये काफी कॉमन है, लेकिन अगर ये समस्या आपकी रोजाना की लाइफ को परेशान कर रही है तो यह अल्जाइमर हो सकता है। ये एक न्यूरोलॉजिक डिसऑर्डर है, जिसमें दिमाग की कोशिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। जिसकी वजह से याद्दाश्त कम होने लगती है। ये डिमेंशिया का कॉमन टाइप है। यहां जानिए इस बीमारी के लक्षण क्या हैं और इससे कैसे बचें।

### अल्जाइमर के लक्षण

**मेमोरी लॉस अल्जाइमर रोग का प्रमुख लक्षण है। शुरुआती संकेतों में हाल की घटनाओं या बातचीत को याद रखने में मुश्किल होना शामिल है। हालांकि, बीमारी बढ़ने पर याददाश्त खराब हो जाती है और अन्य लक्षण भी होने लगते हैं। इस बीमारी के शुरुआती लक्षण–**



1. विचारों को व्यक्त करने के लिए सही शब्द ढूंढने में मुश्किल होना।
2. सामान्य से ज्यादा वस्तुओं को खोना या गलत जगह पर रखना।
3. प्लानिंग बनाने या आयोजन करने में मुश्किल होना।
4. समस्या सुलझाने में मुश्किल होना।
5. रोजाना के कामों को पूरा करने में समय लगना।
6. बातों और सवालों को बार-बार दोहराना।
7. उन जगहों पर खोना, जिन्हें वह अच्छी तरह से जानते थे।


### अल्जाइमर के लक्षण से कैसे बचें

1. ब्लड शुगर को मैनेज करें, अगर आपको डायबिटीज है तो जानें कि अपने ब्लड शुगर को कैसे कंट्रोल करें।
2. हेल्दी खाने और नियमित शारीरिक एक्टिविटी से आपको हेल्दी वजन बनाए रखने में मदद मिल सकती है।
3. धूम्रपान छोड़ने से मस्तिष्क के हेल्थ को बनाए रखने में मदद मिल सकती है और दिल रोग, कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और धूम्रपान से संबंधित अन्य बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।
4. अगर आप शराब पीते हैं तो कम मात्रा में पियें। या इसे अवॉइड करें।
5. इस बीमारी से बचे रहने के लिए पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है।

Gujrat

# गुजरात में मॉनसून से पहले भयंकर बारिश और तेज हवाएं, मछुवारों को समुद्र में जाने पर रोक, रेड अलर्ट जारी

**अहमदाबाद.** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून इस साल समय पर तटीय गुजरात के दक्षिणी हिस्सों पर पहुंच गया था लेकिन कई दिनों से मॉनसून नवसारी से आगे नहीं बढ़ पाया. हालांकि मॉनसून आगे बढ़ते हुए उत्तरी सीमा वेरावल, भरूच, राजपीपला, छोटा उदयपुर और वहां से मध्य प्रदेश तक पहुंच गया है. लेकिन प्रदेश का अधिकांश हिस्सा अभी भी मॉनसून की दस्तक से अछूता है. आमतौर पर मॉनसून की धारा 20 जून को अहमदाबाद, 25 जून को राजकोट और 30 जून तक कच्छ पहुंच जाती है लेकिन इस बार मॉनसून में देरी हो रही है.



बता दें कि इस बार 11 जून को गुजरात में मॉनसून की एंट्री हुई थी. लेकिन उसके बाद से ही इसकी रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ है. अब गुजरात में मॉनसून के आने से पहले प्री-मॉनसून बारिश देखी जा रही है. साउथ गुजरात में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से गुजरात के कई शहरों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है. साथ ही में मौसम विभाग की तरफ से कहा गया है कि समुद्री इलाकों में हवाओं की गति 35 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी. अगले दो दिन मछुवारों को समुद्र में जाने से मना किया गया है.

आज सौराष्ट्र और गुजरात में कई जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है. साबरकांठा, बनासकांठा, मेहसाणा, दाहोद, पाटन, खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद, वडोदरा, भावनगर, महुवा, अमरेली, जूनागढ़, सोमनाथ और वेरावल में भारी बारिश का खतरा है. इस दौरान कच्छ की खाड़ी के तटीय स्टेशनों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी.

Haryana

## मां-बाप की मंजूरी से ही हो लव मैरिज, कानून न बना तो करेंगे आंदोलन

खाप पंचायतों का अल्टिमेटम



**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाप ने केंद्र सरकार से मांग की है कि लव मैरिज को लेकर संसद में कानून बनाया जाए और इसमें मां-बाप की सहमति को अनिवार्य कर दिया जाए। इसके अलावा लिव-इन-रिलेशनशिप सिस्टम को खत्म कर दिया जाए। खाप ने अल्टिमेटम देते हुए कहा कि अगर सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे विरोध प्रदर्शन शुरू कर देंगे। कांडेला, माजरा, नौ गामा, बिनैन, कलवा तापा और थुवा काप ने ये मांगें सरकार के सामने रखी हैं। खाप के नेताओं का कहना है कि अगर एनडीए सरकार दोनों मामलों को लेकर कानून नहीं बनाती है तो विपक्षी दलों को लोकसभा में ये मांग उठानी चाहिए। माजरा खाप के प्रवक्ता ने कहा, लव मैरिज या फिर कोर्ट मैरिज पर हमें आपत्ति नहीं है लेकिन इसके लिए मां-बाप से इजाजत लेनी जरूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब एक पिता अपनी बेटी को पाल-पोषकर बड़ा करता है और इसके बाद वह भाग जाती है तो बहुत दुख होता है। अपने साथ वह आधार कार्ड ले जाती है और मां-बाप की उम्मीदों पर पानी फेर देती है। इसलिए केंद्र सरकार को इसको लेकर कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शादी की उम्र की सीमा को भी कम किया जाना चाहिए। सरकार को लड़कियों की शादी की उम्र घटाकर 16 साल कर देनी चाहिए।

New Delhi

## दिल्ली में एक और भीषण अग्निकांड, इन्वर्टर में आग लगने से 4 की मौत; परिवार ही खत्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर भीषण अग्निकांड हुआ है। बाहरी दिल्ली के प्रेमनगर में एक घर में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। धुएं में दम घुटने से पति-पत्नी और उनके दो बेटों की जान चली गई। इन्वर्टर से शुरू हुई आग दूसरे सामानों तक फैली और धुएं ने पूरे परिवार की सांस रोक दी। घटना मंगलवार तड़के की है। करीब 3:30 बजे प्रेम नगर के एक मकान में आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग सबसे पहले पहली मंजिल पर रखे इन्वर्टर में लगी और फिर लपटें सोफे तक पहुंच गई। आग फैलने से ऊपरी मंजिल तक धुआं भर गया। ऊपर की मंजिल पर सो रहे पूरे परिवार की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हीरा सिंह (48 साल) उनकी पत्नी नीतू सिंह, बेटे रोबिन सिंह (22) और लक्ष्य (21) के रूप में हुई। दिल्ली फायर सर्विस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रेम नगर के जेड ब्लॉक से आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने मकान में फंसे लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

Jharkhand

## चप्पलों की माला पहनाई, फिर महिला PDS डीलर को गांव में घुमाया

**दुमका.** झारखंड के दुमका में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां गांव वालों ने एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की सार्वजनिक वितरण प्रणाली डीलर को चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया. घटना दुमका जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में की है.



पुलिस के मुताबिक गांव वालों का आरोप है कि महिला पीडीएस डीलर कई महीनों से राशन वितरित नहीं कर रही थी. इसलिए गुस्साए ग्रामीणों ने डीलर को चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया. गांव वालों के मुताबिक लाभार्थियों को पिछले 4 महीने से पीडीएस के जरिए मिलने वाला सामान वितरित नहीं किया गया है. गोपीकांदर थाना प्रभारी रंजीत मंडल ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के तहत गोविंदपुर-साहेबगंज राज्य राजमार्ग को आधे घंटे से अधिक समय तक जाम रखा गया. उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को शांत किया गया और राशन वितरित करने का आश्वासन देकर सड़क जाम हटा दिया गया. स्थानीय कालाबाजारी अधिकारी (बीडीओ) गौतम मोदी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि डीलर ने मई में सिर्फ 60 फीसदी और जून में 7 फीसदी खाद्यान्न ही वितरित किया था.

खेल

# टीम इंडिया सेमीफाइनल में

**ग्रॉस आईलेट, (एजेंसी)** भारत ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अब सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है। अब उन्हें अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित शर्मा के शानदार 92 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में सात विकेट पर 181 रन बनाए। भारत ने यह मैच 24 रनों से जीत लिया।



### भारत ने लिया ऑस्ट्रेलिया से बदला

भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से पिछले साल हुए वनडे विश्व कप की हार का बदला चुकता कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने उस वक्त फाइनल में भारत को हराकर विजेता बनने का सपना तोड़ दिया था और अब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर उसके लिए आगे की राहें बेहद मुश्किल कर दी है। भारत ने सुपर आठ चरण में अपने तीनों मैच जीते और वह छह अंकों के साथ ग्रुप एक में शीर्ष पर रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन मैचों के बाद दो हार और एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान के दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान का मंगलवार सुबह बांग्लादेश से मुकाबला होना है और अगर टीम वो मैच जीतने में सफल रही तो सेमीफाइनल में जगह बना लेगी और ऑस्ट्रेलिया का सफर यहीं थम जाएगा।

### वॉर्नर के बाद हेड और मार्श ने संभाला मोर्चा

206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहला झटका छह रन के स्कोर पर लगा। अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में डेविड वॉर्नर को कुलदीप के हाथों कैच कराया। इसके बाद मोर्चा मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में कुलदीप ने कप्तान मार्श को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। वह 28 गेंदों में 37 रन बनाकर लौटे। इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। हालांकि, वह ज्यादा देर विकेट पर नहीं टिके। उन्हें कुलदीप ने बोल्ड किया। उन्होंने 20 रन बनाए। इस मैच में मार्कस स्टोइनिस सिर्फ दो रन बना सके।

### हेड ने 24 गेंदों में लगाया अर्धशतक

वहीं, ट्रेविस हेड 73 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया और 43 गेंदों में 76 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ने 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह उनका दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 68 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। हेड को बुमराह ने 17वें ओवर में रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 176.74 के स्ट्राइक रेट से नौ चौके और चार छक्के लगाए।

सिनेमा

## Kalki 2898 AD को मिल रही छप्पर फाड़ एडवांस बुकिंग, सिर्फ एक दिन में 5 गुना तक बढ़ गया कलेक्शन



मेगाबजट मूवी 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई का ग्राफ तेजी से ऊपर गया है। तकरीबन 600 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और जहां सोमवार तक फिल्म की 2 करोड़ 85 लाख रुपये की टिकटें बिकी थीं वहीं मंगलवार को यह आंकड़ा 5 गुना से ज्यादा बढ़कर 15 करोड़ 73 लाख रुपये पर पहुंच गया है। क्योंकि अभी फिल्म की रिलीज में 2 दिन और बाकी हैं, तो ऐसे में देखना होगा कि यह नंबर और कितना ऊपर जाता है। फिल्म का ट्रेलर फैंस के बीच इस फिल्म के लिए जबरदस्त बज क्रिएट करने में कामयाब रहा है। ओपनिंग अच्छी मिल भी गई तो भी क्या फिल्म की कमाई का ग्राफ लगातार ऊपर जाएगा? यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि लोगों को फिल्म कैसी लगेगी। क्योंकि 'आदिपुरुष' और 'ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान' की रिलीज के हमने वो वक्त भी देखा है जब फिल्म को ओपनिंग तो बहुत अच्छी मिली, लेकिन लोगों को मूवी पसंद नहीं आने के चलते इसकी कमाई का आंकड़ा औंधे मुंह गिरा। फिल्म की कमाई के आंकड़े जारी करते हुए Sacnilk ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि Kalki 2898 AD को सबसे अच्छा रिस्पॉन्स तेलुगू वर्जन से मिल रहा है। फिल्म के तेलुगू वर्जन के 2D और 3D फॉरमैट की कमाई जोड़कर देखा जाए तो फिल्म तकरीबन 14 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन तो तेलुगू वर्जन से ही कर चुकी है। IMAX वर्जन में भी फिल्म की टिकटों की सबसे ज्यादा बिक्री तेलुगू वर्जन से ही हो रही है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर फिल्म का हिंदी और तमिल वर्जन शामिल है।

## Highlights

1. **Karnataka: IMD issues red alert for DK, Udupi, and Uttara Kannada**
2. **Techies, students clean hazardous B'luru road after civic body abandons maintenance**
3. **Take bulldozer action against illegal Pune pubs: Shinde to police**
4. **JP Nadda remembers the dark days of Emergency**
5. **Cutter used to open NEET question paper boxes as digital lock failed in Jharkhand school**

# India to auction ₹96,318 crore telecom spectrum on Tuesday

**NEW DEIHI, (Agency).** The Department of Telecommunications (DoT) will begin the auction of ₹96,317.65 crore of spectrum on Tuesday.

On February 8, the Union Cabinet approved the auction of 10,523.15 megahertz (MHz) of spectrum across bands at a reserve price of ₹96,317.65 crore, Business Standard wrote.

All unsold spectrums from the last sale will be up for bidding again, with airwaves in the 800, 900, 1800, 2100, 2300, 2500, 3300 MHz and 26 GHz bands, covering a large chunk of voice and data spectrum up for sale.

Reliance Jio, Bharti Airtel and Vodafone Idea have collectively put up ₹4,350 crore for the bidding, the DoT has announced. This is five-times smaller than the last 5G spectrum auctions in 2022, Business Standard wrote.



Companies get points based on the EMD (earnest money deposit) amount they have deposited, which enables them to bid for the number of circles and quantity of spectrum they want. Higher points mean a higher capability to place bids. Telcos can bid for spectrum worth up to 12-times their EMD. Combined with much lower demand for spectrum and a cautious stance adopted by market leader Reliance Jio, the auctions will be a more muted affair, a recent note by IIFL Securities said.

While all unsold spectrum from the last sale is up for bidding again, the quantum of spectrum on offer has shrunk by more than seven-times since 2022, according to Business Standard.

Jio (108 million) and Airtel (72 million) have seen their 5G penetration rise to about 20-22% of their subscriber bases, according to the article.

Airtel will add at least 25,000 5G sites in the circles of Maharashtra, Gujarat, Madhya Pradesh and Chhattisgarh, Kerala and West Bengal to improve rural coverage, for which it has adequate spectrum, Mint wrote.

# JPMorgan India bank CEO Prabdev Singh quits before end of term

**NEW DEIHI, (Agency).** Prabdev Singh, chief executive officer of JPMorgan Chase & Co.'s bank in India, has stepped down before the end of his term.

"Pranav Chawda, head of commercial banking for India, will expand his current responsibilities to become the head of India Corporate Banking and can confirm that PD Singh is leaving the firm," a JPMorgan




representative said by email in response to queries from Bloomberg News.

Singh, popularly known as PD, had received regulatory approval in January 2023 for a three-year term as CEO of JPMorgan Chase Bank India. He had replaced Madhav Kalyan who — in October 2022 — was named head of payments for Asia Pacific.

The Wall Street firm, which traces its presence in India back to 1922, started commercial banking operations in the country about 17 years ago. JPMorgan has four commercial bank branches in the country, data on its website shows. It has four branches including Delhi and Mumbai.

Singh, a trained engineer, had worked for a decade at HSBC Holdings Plc before joining JPMorgan in 2010, according to his Linkedin profile.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# इंदौर से दिल्ली की फ्लाइट 5 घंटे लेट

## रात 8 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट ने देर रात 12.45 बजे भरी उड़ान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से दिल्ली के उड़ान भरने वाली फ्लाइटों के लेट होने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा हे। पिछले दिनों इंदौर से दिल्ली की इंडिगो की फ्लाइट 6 घंटे से ज्यादा देरी से इंदौर से रवाना हुई थी। वहीं अब सोमवार रात 8 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट लगभग 5 घंटे की देरी से यानी 12.45 बजे इंदौर से रवाना हुई। वहीं फ्लाइट के लेट होने की वजह मौसम की खराबी व तकनीकी कारणों को बताया जा रहा है।**

इंदौर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के साथ ही खराब मौसम के कारण सोमवार रात मुंबई से इंदौर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट भी 3 घंटे देरी से इंदौर एयरपोर्ट पर आई। इसके अलावा दिल्ली से आने वाली एक अन्य फ्लाइट सहित आधा दर्जन उड़ानें भी प्रभावित हुईं। इंदौर से दिल्ली जाने फ्लाइट के यात्रियों ने बताया कि हम 60 यात्री समय पर एयरपोर्ट पहुंच गए थे। वहीं एयरपोर्ट पर सभी प्रकिया भी समय पर हो गई थी। जिसके बाद हमें कंपनी अपनी बस के द्वारा रनवे पर खड़े विमान के पास ले गई। लेकिन हमें विमान में नहीं बैठाया गया। वहीं कंपनी के अधिकारी मौसम की खराबी की बात ही कहते रहे। हम 1 घंटे से ज्यादा समय तक बस में बैठे रहें। इस दौरान बस का एसी भी बंद था। यात्रियों ने जब एसी चालू करने के लिए हंगामा किया तो बस ड्राइवर ने बस का गेट खोल दिया। 60 यात्रियों को कंपनी की लापरवाही के कारण पांच घंटे एयरपोर्ट पर इंतजार के बाद देर रात दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

### रात में आने वाली पुणे की फ्लाइट सुबह 4 बजे आई

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर रविवार रात पुणे से आने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात 2.50 पर आने वाली उडान सुबह चार बजे इंदौर पहुंची। इससे यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकलने में सुबह साढ़े चार बज गए। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार सुबह इंडिगो की पुणे उड़ान वहीं लेट आई। रोजाना यह उड़ान तय समय पर आ रही थी। लेकिन कल रात इंदौर में मौसम खराब होने से वहां पर आने की अनुमति नहीं दी गई।

## दो तस्करों को भेजा जेल

**इंदौर**। नारकोटिक्स विंग कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्त में लिया था, जिन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया। विंग के टीआई वनसिंह ने बताया कि ढाबा संचालक स्कूल कालेज से बंक करके आने वाले छात्र छात्राओं को नशीला पदार्थ सप्लाई करता था। उसी से दो तस्करों कान्हा और उसके साथी लालू ने पिछले दिनों पांच किलो गांजा खरीदा था। बताया जा रहा है कि लालू की जाम गेट के नीचे करीब सौ बीघा जमीन है जिसमें वह कपास और अन्य फसल उगाता है। उसने कपास की खेती के बीच गांजे की खेती भी कर रखी थी।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## बच्चे को पड़ोसियों के यहां भेज दिया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरा नगर में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने तीन साल की बेटे को पड़ोसी के घर छोड़ा और फिर यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विनीता (24) पति अजय वर्मा निवासी अर्जुन गोहर नगर ने अपने घर में सोमवार को फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि विनीता अपने तीन साल के बेटे के साथ घर पर थी। घटना के वक्त बेटे को उसने पड़ोसी के घर भेज दिया था। कुछ देर बाद जब पड़ोसी की बेटी वहां बेटे को लेकर पहुंची तो विनीता फंदे पर झूल रही थी। इसके बाद महिला के पति को जानकारी दी। पति ने बताया कि विनीता से किसी तरह की बात नही हुई। सुबह अच्छे से काम पर गया। विनीता को भी काम पर जाना था। लेकिन वह नही गई। पति रेलवे में सफाई कर्मचारी है। जबकि विनीता निजी अस्पताल में हाउस कीपिंग का काम करती है। विनीता का एक बेटा और है। जो दादा दादी के साथ ललितपुर के देलवाना ग्राम मे रहता है। पुलिस के मुताबिक अभी मामला जांच में है।

## करंट लगने से मौत

**इंदौर**। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बिजली कर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हुआ था। बाणगंगा पुलिस के अनुसार बिजली कर्मी नीरज उर्फ संतोष और मनोज खराड़ी मुखर्जी नगर में बिजली का काम कर रहे थे। तभी उन्हें करंट लग गया था।

## युवती के साथ मारपीट

**इंदौर**। खजराना इलाके में एक युवक ने युवती के साथ रोड पर मारपीट कर दी। वह इस बात पर गुस्सा था कि उसके पूछे बगैर सहेली के साथ ओंकारेश्वर क्यों ले गई थी। पुलिस ने मालती गाठे निवासी मनीषपुरी की शिकायत पर आरोपी निलेश भाटी निवासी विश्वधाम कालोनी खजराना पर केस दर्ज कर लिया। मारपीट की घटना सब्जी मंडी रोबोट चौराहा पर हुई। युवती ने बताया कि वह अपनी सहेली के साथ ओंकारेश्वर गई थी। वापस लौटकर रोबोट चौराहे के पास खड़ी थी तभी आरोपी आया और सहेली को अपने साथ ओंकारेश्वर ले जाने की बात को लेकर विवाद किया और मारपीट कर दी।

# सूने मकानों में करते थे चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सूने मकान में चोरी करने वाले दो बदमाशों को अन्नपूर्णा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को फरियादी अनिकेत पिता सुधाकर जोशी निवासी अहिल्या नगर ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर से 16 जून को जेवर चुरा लिए थे। आरोपियों को पकडऩे पुलिस ने 16 किलोमीटर क्षेत्र में लगे 450 कैमरे खंगाले। कैमरे में आए फुटेज के आधार पर अजय पिता कमल बौरासी निवासी बड़ी ग्वालटोली तथा मुकेश पिता जगमोहन जैन निवासी पिपलोदा नागदा को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय पर एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। मुकेश ने पूछताछ में बताया कि महिला पर रुपए खर्च करने के लिए वह चोरी की वारदात करता था।

## पिस्टल के साथ बदमाश धराया

**इंदौर**। वारदात की नीयत से पिस्टल लेकर घुम रहे बदमाश को भंवरकुआ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश पप्पू खटीक निवासी विजयश्री नगर प्रतिक्षा ढाबे के पीछे खड़ा था। उसके पास से दो जिंदा कारतूस भी मिले हैं। आरोपी पप्पू चंदन नगर थाने से धारा 307 के मामले में एक माह से फरार चल रहा था, उसके कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच ने पकड़ा था। इस मामले में वह जमानत पर चल रहा था।

# एमपी पीएससी ने पेपर लीक मामले में केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नीट और नेट परीक्षा के पेपर लीक मामले के बीच राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा का टेस्ट पेपर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद खलबली मच गई थी। इसके बाद आयोग (एमपीपीएससी) भी हरकत में आ गया। जांच के बाद आयोग ने इंटरनेट मीडिया में घूम रहे पेपर को गलत बताया और बाद में सच्चाई सामने आई। प्रसारित पेपर लाइब्रेरी ने माक टेस्ट के रूप में तैयार किया था। मामले में सोमवार को लोकसेवा आयोग की सतर्कता अधिकारी भावना भावे ने संयोगितागंज थाने में वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, देव सिंह नामक व्यक्ति द्वारा सामान्य ज्ञान का पेपर मिलने की बात सामने आई। धड़ल्ले से यह पेपर प्रसारित किया गया। सामान्य ज्ञान के इस पेपर के बदले ढाई हजार रुपए वसूले गए। इसकी जानकारी पर आयोग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अधिसूचना जारी की, जिसमें पेपर आउट होने के बात से साफ इन्कार किया है। कहा गया कि आउट पेपर आयोग का नहीं है। पेपर विजय नगर स्थित लाइब्रेरी ने मॉक टेस्ट के रूप में बनाया था। लाइब्रेरी के संचालक सागर गुप्ता का कहना है कि तीन दिन पहले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए माक टेस्ट बनाए थे, जो टेलीग्राम के एक ग्रुप पर जारी कर दिया। उसके बाद किसी व्यक्ति ने शरारत करते हुए इन पेपर को पीएससी परीक्षा का लीक पर्चा बता दिया। वैसे पांच पेपर का सेट बनाया था, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में आसानी हो। वहीं, आयोग की ओर से कहा गया है कि भ्रामक सूचना फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी से अश्लील हरकत

**इंदौर**। एक किशोरी से अश्लील हरकत के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामला गांधी नगर इलाके का है। पुलिस के मुताबिक 16 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अजय पिता केशर सिंह के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे अपने घर की ओर बुलाया और जब उसने मना किया तो आरोपी ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। शोर मचाने पर मारपीट कर भाग गया और जान से मारने की धमकी दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक